हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई 2025

11 लोगों ने भंडारे में चखा देशी घी के घेवर का स्वाद



12 ऑनलाइन एप के माध्यम से हाजिरी लगाने का विरोध



## खबर संक्षेप

### परिवेदना समिति की बैठक आज

**झज्जर।** सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि प्रत्येक प्रकरण पर आवश्यक विचार-विमर्श कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### नशे के खिलाफ 31 को दौड़ेंगे युवा

**बहादुरगढ़।** डॉ. ललित भनोट के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 31 जुलाई को गांव सराय औरंगाबाद स्थित डॉ. ललित भनोट एकेडमी के निकट 16वीं रन अगेंस्ट डोप आयोजित होगी। इसमें काफी युवा भाग लेकर नशे के प्रति जागरूकता का संदेश देंगे। आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी चौधरी प्रदीप राठी होंगे। तैयारियां जोरों पर हैं। अब तक 300 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। प्रधान राकेश राठी ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि युवा खेलों की ओर आकर्षित हों और एक स्वस्थ समाज की स्थापना में योगदान दें। इस अवसर पर कई दिग्गज खिलाड़ी और कोच उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं का उत्साहवर्धन करेंगे। इनमें पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच कर्ण राठी, अंतरराष्ट्रीय कोच अजय राठी, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एथलीट संदीप सांगवान, मनोज काजला, राजकुमार शर्मा, कुलदीप सांगवान, जयप्रकाश जाखड़ और कोच धर्मवीर आदि शामिल हैं। पूर्व एशियाड एथलीट चरण सिंह राठी ने बताया कि दौड़ में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को भी विशेष रूप से शामिल किया जाएगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रोहतक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के बयान पर इस संबंध में आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घायल की पहचान रविकांत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नूना माजरा का निवासी रविकांत मानेसर स्थित एक कंपनी में काम करता है। वह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रहा था। गांव में घर से कुछ दूर पहुंचा ही था कि एक ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गया। उसे काफी चोट आई। परिजन उसे बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां से उसे रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे रोहतक के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। इस संबंध में रविकांत के पिता की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज हुआ है।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, केस दर्ज



**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सीआईए प्रभारी रवींद्र ने बताया कि अंबेडकर स्टेडियम के पास से आरोपी को काबू किया गया है। आरोपी की पहचान अभिषेक निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। उसके पास से देशी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी पर इससे पहले भी अवैध हथियार व लूटपाट के केस दर्ज हैं।

# एचटेट को लेकर पुलिस अलर्ट, दो डीसीपी, दो एसीपी सहित छह सौ पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात

## परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 की लागू, 13 जगह नाके लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचटेट परीक्षा को लेकर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि सभी थाना प्रबंधकों और चौकी प्रभारियों को परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। दो डीसीपी, दो एसीपी सहित करीब छह सौ पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया है। वहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लगाई गई है। जिसकी पालन सख्ती से करवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंनें बताया कि जिले भर में 12 विशेष नाके लगाए गए हैं, जहां तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर केवल ड्यूटी पर तैनात स्टॉफ कर्मियों और परीक्षार्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। किसी भी अन्य व्यक्ति को केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



### एचएचएमडी और फ्रिस्किंग टीम तैनात

उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली जाएगी, जिसके लिए एचएचएमडी और फ्रिस्किंग टीम को तैनात किया गया है। पुलिस कर्मियों को वाकी-टाकी से लैस किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की सूचना को तुरंत अधिकारियों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने सभी होटल, गेस्ट हाउस संचालक व आमजन से करते हुए कहा कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तुरंत इसकी सूचना डायल 112 या संबंधित पुलिस थाना या चौकी में तुरंत दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

## परीक्षा केंद्रों की सूची जारी, जिले में 23 सेंटर बनाए

**झज्जर।** बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा भिवानी द्वारा एचटेट परीक्षा 2024 के लिए भेजी गई परीक्षा केंद्रों की सूची में झज्जर में ग्यारह तथा बहादुरगढ़ में बारह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

यदि झज्जर की बात की जाए तो यहां नौ परीक्षा केंद्रों पर लेवल 1,2 व 3 की परीक्षा में 312-312 परीक्षार्थी बैठेंगे। इन परीक्षा केंद्रों में एब्लेज सीनियर सैकेंडरी स्कूल फोर्टपुरा, दीपचंद पब्लिक स्कूल गुढ़ा, एसआरके राजकीय मॉडल संस्कृतिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, एचआर ग्रीन फील्ड स्कूल, इंडो अमेरिकन स्कूल, केएसएम पब्लिक स्कूल, एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल, महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय, आरईडी स्कूल तलाव रोड शामिल है। इनके अलावा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में बने परीक्षा केंद्र में लेवल 3 व लेवल 2 में 288-288 परीक्षार्थी तथा लेवल 1 में 260 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

इसी प्रकार करण सीनियर सैकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन में लेवल 3 व लेवल 2 में 240-240 परीक्षार्थी तथा लेवल 1 में 115 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बहादुरगढ़ के बाल विकास स्कूल नजदीक सराय औरंगाबाद में लेवल 3 व लेवल 2 में 312-312 परीक्षार्थी होंगे जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में लेवल 3 की परीक्षा में 254 तथा लेवल 2 की परीक्षा में 312 परीक्षार्थी बैठेंगे। इनके अलावा फाउंडेशन पब्लिक स्कूल नजदीक राम गैस एजेंसी, गोल्ड वेली स्कूल सेक्टर 13, माउंट व्यू स्कूल छारा बेरी रोड सेक्टर 2, पीडीएम पब्लिक स्कूल सराय औरंगाबाद ब्लॉक 1 व ब्लॉक 2, एसडीएम पब्लिक स्कूल देसलपुर, एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल दिल्ली-रोहतक रोड में 312-312 परीक्षार्थी पीरक्षा में बैठेंगे।

इनके अलावा राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बहादुरगढ़ के ब्लॉक 1 व ब्लॉक 2 में 240-240 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे जबकि सेंट सोल्जर एमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल सूर्या नगर, रोहतक-दिल्ली रोड पर 307 परीक्षार्थी लेवल 2 की परीक्षा देंगे।

### उपायुक्त बोले- परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी



झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि एचटेट परीक्षा के लिए सभी प्रबंध पूरे किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को सांयकालीन सत्र में लेवल-3 की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें झज्जर में 3336 और बहादुरगढ़ में 566 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। वहीं वीरवार को प्रातः कालीन सत्र में आयोजित होने वाली लेवल-2 की परीक्षा में झज्जर में स्थापित 11 परीक्षा केंद्रों पर 3336 और बहादुरगढ़ में 12 परीक्षा केंद्रों पर 3595 परीक्षार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सांयकालीन सत्र में लेवल-1 की परीक्षा आयोजित की जाएगी,जिसमें झज्जर में कुल 3183 परीक्षार्थी भाग लेंगे। वहींडीईओ राजेश कुमार ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से जारी परीक्षा के शेड्यूल के अनुसार सुबह की परीक्षा 10 से 12:30 बजे तक तथा सायं कालीन परीक्षा सायं 3 बजे से 5:30 बजे तक होगी। 31 जुलाई को सुबह की पारी के लिए परीक्षार्थियों को सुबह नौ बजे से पहले पहुंचना होगा। वहीं दोपहर की पारी के लिए दोपहर दो बजे से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि सुबह की पारी के लिए परीक्षार्थियों को 7:50 पर परीक्षा केंद्र के अंदर बायोमेट्रिक करवाते हुए एंट्री करवानी है, जबकि दोपहर की पारी के लिए 12:50 पर परीक्षार्थियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस करवाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

# बराही में दंपति ने संदिग्ध हालत में जहर खाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ पत्नी ने नागरिक अस्पताल व पति ने पीजीआई ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा, परिजन बोले- तनाव में थे

बराही में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां जहर निगलने से दंपति की जान चली गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के बयान पर घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है।

मृतकों की पहचान करीब 55 वर्षीय सतबीर व माया देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 27 जुलाई की देर रात को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगलने से इनकी तबीयत बिगड़ी थी। इसके बाद इन्हें अस्पताल में लाया गया। जहां माया की मौत की पुष्टि कर दी गई। जबकि सतबीर को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। सूचना पाकर लाइनपार थाना पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। परिजनों की उपस्थिति न होने के कारण सोमवार को शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। इसके बाद परिजन आए तो बयान लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। माया का बहादुरगढ़ तो सतबीर के शव का पोस्टमार्टम पीजीआई रोहतक में हुआ है। लाइनपार थाना पुलिस की मानें तो परिजनों ने किसी तरह की शंका नहीं जताई है। दोनों पति, पत्नी पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थे। संभवतः इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। फिलहाल घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है।

# माइनर में युवक का शव मिला

**बहादुरगढ़।** रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में एक युवक का शव मिला है। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान के लिए शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है।

घटना सोमवार की है। दरअसल, यहां माइनर किनारे एक शव अटका हुआ था। किसी व्यक्ति की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पानी से बाहर निकालकर पहचान के प्रयास किए। मौके पर शिनाख्त नहीं हुई तो शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जांच अधिकारी राजकुमार का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी जा रही है। शव को 72 घंटे के लिए अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास किए जा है।

# रेलवे ट्रैक पर टुकड़ों में मिला युवक का शव

## उम्र 25 के लगभग, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

- अधिकारी बोले- युवक की ट्रेन की चपेट में आने की आशंका
- पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल की मार्चरी में रखवाया

रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर के अंग लगभग एक किलोमीटर के दायरे में ट्रैक पर बिखरे हुए मिले। कहीं हाथ पड़ा था तो कहीं पैर, जबकि अन्य अंग भी अलग-अलग स्थानों पर मिले। जीआरपी ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा कर जांच शुरू कर दी है।

घटना सोमवार रात की है। पुलिस को रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि गांव जाखोदा के निकट रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो हालात को देखकर दंग रह गई। ट्रैक पर दूर तक शरीर के अंग बिखरे हुए थे। लगभग एक किलोमीटर के दायरे में पुलिस ने ट्रैक से शरीर के अंग इकट्ठे किए। अंगों को इकट्ठा करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी और इस प्रक्रिया में काफी समय लग गया। पुलिस को आशंका है कि चपेट में आने के बाद ट्रेन से युवक काफी दूर तक घसीटा गया है।प्रथम दृष्टया मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष के आसपास आंकी जा रही है। पहचान करना फिलहाल संभव प्रतीत नहीं हो रहा। जांच अधिकारी राकेश कुमार का कहना है कि सभी अंगों को एकत्र कर 72 घंटे के लिए बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है, ताकि पहचान होने पर आगे की कार्रवाई की जा सके।

# काम पर लौट रहे श्रमिक से लूटपाट का प्रयास, विरोध करने पर सिर पर मारा पत्थर

## ■ आवाज मारकर युवकों ने रोका, फिर बीड़ी मांगी, पैसे छीनने लग गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छोटूराम नगर और परनाला के बीच सोमवार रात एक श्रमिक के साथ लूटपाट का प्रयास हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने सिर पर पत्थर से वार कर उसे घायल कर दिया। घायल श्रमिक को उपचार के लिए परनाला स्थित एक क्लीनिक ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

उत्तरप्रदेश के बलरामपुर जिले के गांव बैजपुर निवासी जंग बहादुर ने बताया कि वह वर्तमान में बहादुरगढ़ के पंचमुखी चौक के पास किराये के मकान में रहता है। सोमवार को वह अपने तीन साथियों के साथ छोटूराम नगर में शैटरिंग का कार्य कर रहा था। कार्य समाप्त कर जब वे रेलवे लाइन के किनारे होते हुए परनाला की ओर से लौट रहे थे तो रास्ते में बैठे करीब सात युवकों ने उन्हें आवाज देकर रोका।

### भागा तो पथराव कर दिया



पीड़ित के अनुसार, युवकों में से एक ने पहले बीड़ी मांगी और फिर अचानक उसकी जेब में हाथ डालकर रुपए छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर युवक ने उसकी दूसरी जेब में हाथ डालने का प्रयास किया। जब वह खुद को छुड़ाकर भागा तो युवकों ने उस पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। एक पत्थर उसके सिर में लगने से वह घायल हो गया। साथी मजदूर उसे तुरंत पास के क्लीनिक लेकर गए, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में अभी तक कोई पुलिस केस दर्ज नहीं कराया गया है। वारदात से लोगों में डर का माहौल है।

### लोगों ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

वहीं लोगों का कहना है कि रेलवे लाइन के आसपास ऐसे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा अक्सर देखा जाता है, जिससे राहगीरों को खतरा बना रहता है। लोगों ने इस क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# सिद्दीपुर में मकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव सिद्दीपुर में चोरी की बड़ी वारदात हो गई। यहां मकान में घुसे चोरों ने करीब ढाई लाख कैश व लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब परिवार के सदस्य उठे तो उन्हें वारदात का पता चला।



शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात सचिन के मकान में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में सचिन ने कहा है कि सोमवार की रात को हम सभी ऊपरी तल पर बने कमरों में जाकर सो गए। इसी दौरान चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे जब उठकर नीचे गया तो वारदात का पता चला। इसके बाद पिता व परिवार के अन्य सदस्यों को मामले से अवगत कराया। हमारे मकान के पिछले गेट का ताला गायब था और कुंडी खुली हुई थी। वहीं से चोर दाखिए हुए। कमरों में सामान बिखरा हुआ था। अलमारी, संदूक आदि खंगाली गई थी। जांच करने पर छोटी अलमारी से दो लाख 40 हजार रुपये, बहन रेखा की दो सोने की अंगूठी, सोने की चेन, एक जोड़ी बालियां, बहन पूनम की दो सोने की अंगूठी, चेन, मंगलसूत्र, कानों की बालियां गायब थी। वहीं पत्नी के दो जोड़ी कानों की बालियां, तीन सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, दो चेन, दस जोड़ी चांदी की पायल, मां की तीन जोड़ी कानों की बालियां, एक सोने की चेन आदि आभूषण नहीं मिले। उधर, सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सचिन की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी। जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

# बहादुरगढ़ में 11 एमएम बरसात, कई जगह हुआ जलभराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में बरसात का दौर जारी है। मंगलवार की सुबह भी बारिश हुई। कुछ ही देर की बारिश से शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव हो गया।

मुख्य रास्तों पर पानी भरने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन बादल खुलकर नहीं बरसे। देर शाम तक बरसात की संभावना बनी रही।

आगामी दिनों में इलाके में बारिश के आसार जताए जा रहे हैं। सोमवार सुबह से लेकर मंगलवार सुबह तक इलाके में 11 एमएम बरसात दर्ज की गई है।

# खेतों की मेड़ पर फिर से लौटेगी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति द्वारा हर मेड़ पर पेड़ अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान आगामी तीन अगस्त को सांखोल में लाइनपार क्षेत्र में लगते खेतों से शुरू होगा। समिति के सदस्यों का कहना है कि पहले किसानों के खेतों में बड़ी संख्या में पेड़ होते थे, जिनकी छांव में किसान थकान मिटाते और भोजन करते थे।

### किसानों को करेंगे प्रेरित

अन्य जीवों को भी इनमें आसरा मिलता था। लेकिन आधुनिकता की दौड़ में ये परंपरा धीरे-धीरे खत्म हो रही है। अब पुनः इस परंपरा को जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। समिति का लक्ष्य है कि गांव-गांव में जाकर किसानों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाए और सामूहिक भागीदारी से धरती को हरा-भरा बनाया जाए। वहीं लोगों का कहना है कि अगर सही से जनसहयोग मिला तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह एक प्रेरणादायक पहल साबित हो सकती है।

# एनएचएआई को अवैध कट को बंद करवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

## ■ सड़कों किनारे खड़े पेड़ों की ट्रिमिंग करवाए : उपायुक्त

मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें यातायात प्रबंधन, सड़क दुर्घटनाओं में कमी और जन-जागरूकता को लेकर विभिन्न विभागों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए एक तरफ जहां पुलिस व अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कार्रवाई कर रही है वहीं दूसरी ओर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग पुलिस, आरटीए, एनएचएआई, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य





विभाग मिलकर रोड सेफ्टी को समन्वयता के साथ कार्य करें। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को हाई-वे पर अवैध कटों को तुरंत बंद करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कट अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इसके अलावा वन विभाग को सड़कों के किनारे खड़े पेड़ों की ट्रिमिंग करने के निर्देश दिए।

# छारा कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव छारा स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को सत्र 2025-26 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय ऑरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर देवेंद्र ने किया, जबकि सहसंचालन की भूमिका डॉ. ललिता ने निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के



विभिन्न विभागों के शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विषयों, पाठ्यक्रम, पुस्तकालय, एनएसएस, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और कॉलेज जीवन के प्रति अपनी जिज्ञासा भी जाहिर की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. संजय देसवाल, मंजू मलिक, डॉ. मनोज कुमार, मोनिका, ज्योति, मोहित, डॉ. अश्वनी कुमार, गीतांजलि, स्वेता, विजय, डॉ. रेखा, डॉ. मनोज तथा डॉ. गोविन्द सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।



## लाइफ Style

# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

## हॉलीवुड मसाला



# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतारः द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।



# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मावर्ल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें

**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थीं' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।



# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।



**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉड्र्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉड्र्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

## फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

## धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।






**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

## सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

## *अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन*

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में आरईडी के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# विक्रांत अंडर-14 आयु वर्ग में लांग जंप स्पर्धा में रहा प्रथम


झज्जर। प्रशिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आरईडी स्कूल छुछकवास के विद्यार्थियों ने मातनहेल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्राचार्या सरिता मल्हान ने बताया कि खिलाड़ी विक्रांत ने अंडर-14 आयु वर्ग में लांग जंप स्पर्धा में प्रथम व 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मोक्ष ने 600 मीटर दौड़ में चौथा स्थान अर्जित किया। शॉटपुट में रोहित ने प्रथम तथा हर्षित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार खिलाड़ी यश ने अंडर-17 आयु वर्ग की ट्रिपल जंप स्पर्धा में प्रथम तथा लांग जंप स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यश सहरावत 800 मीटर दौड़ में तृतीय रहा। शॉटपुट में हर्ष प्रथम तथा मयंक द्वितीय रहा। इनके अलावा समीर लांग जंप, साक्ष्य 200 मीटर दौड़ और प्रिंस राठी जैवलिन थ्रो में तृतीय रहा। अंडर-19 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड में हेमंत जून प्रथम, 200 मीटर दौड़ में नवल द्वितीय, लांग जंप में गौरव द्वितीय, शार्टपुट में रीतिक तृतीय व ट्रिपल जंप में निशु डागर प्रथम रही। इस उपलब्धि पर शाखा प्रमुख सुनील कादियान ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

## ब्लॉक लेवल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने जीते मेडल

**झज्जर।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम तलाव में आयोजित ब्लॉक लेवल प्रतियोगिताओं में एचआर ग्रीन फील्ड फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किए हैं। प्राचार्य महेंद्र सिंह गुलिया ने बताया कि उनके स्कूल के खिलाड़ियों ने एथेलेटिक्स में प्रथम तथा खो-खो स्पर्धा में ओवरऑल दूसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। अंडर-14 आयु वर्ग की लड़कियों की 4 गुणा 100 रिले रेस में जैसमीन, चिरांशी, पुलकित व सनाया ने गोल्ड मेडल जीता। अंडर-17 आयुवर्ग की इसी स्पर्धा में शगुन, साक्षी, दीपांशी प्रगति व हर्षिता प्रथम रही। अंडर-17 आयु वर्ग की ट्रिपल जंप स्पर्धा में प्रगति ने गोल्ड तथा अंतिम ने रजत पदक हासिल किया। स्कूल पहुंचने पर विद्यालय निदेशक विकास धनखड़ ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कोच विकेश ठाकुर, अवधेश, अमित कुमार व गिन्नी देवी की सराहना की।


बहादुरगढ़। प्रिंसिपल व शिक्षकों के संग विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## जूपिटर स्कूल की छात्राओं ने जीते पुरस्कार

**बहादुरगढ़।** रोहद स्थित जूपिटर पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में बहादुरगढ़ ब्लॉक के विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें जूपिटर स्कूल की छात्राओं ने बेहतरीन उपलब्धियां हासिल की। कक्षा आठवीं की छात्रा अंशिका का चयन फुटबॉल के लिए जिला स्तरीय खेलों में हुआ है। वहीं सातवीं कक्षा की छात्रा साक्षिता ने लांग जंप में प्रथम और 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छठी कक्षा की दृष्टि ने लांग जंप में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा दसवीं की स्वाति ने कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका ध्यान खींचा। कक्षा 11वीं की छात्रा दीक्षा ने शतरंज में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के निदेशक राजकुमार ने सभी विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल राजपाल सिंह ने विद्यार्थियों को इसी तरह उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लेने और स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।


झज्जर। निदेशक बिमला यादव के साथ उपस्थित विजेता छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कैंब्रिज की छात्राओं ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

साल्हावास में चल रही खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ की छात्राओं ने कई पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। एथेलेटिक्स कोच पवन जाखड़ ने बताया कि संस्थान की टीम ने अंडर-19 आयु वर्ग की खो-खो स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। अंडर-19 आयुवर्ग में ही हैमर थ्रो व डिस्कस थ्रो स्पर्धा में प्रियांशी ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि छात्रा दिशा 53 किलोग्राम भारवर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम रही। खिलड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधक बिमला यादव व उमेश भारद्वाज ने विद्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बच्चे ने जन्मदिन पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ब्रह्म सेवा समिति से जुड़े 9 वर्षीय बाल कार्यकर्ता विनय ने अपने जन्मदिवस को यादगार बनाने का एक अनूठा और प्रेरणादायक तरीका अपनाया। केक काटने या पार्टी करने की बजाय विनय ने इस बार भी पौधरोपण कर अपना 9वां जन्मदिवस मनाया। इस नेक कार्य के माध्यम से विनय ने न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि समाज को भी अपनी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा दी। विनय की प्रकृति के प्रति गहरी लगन है।

महज पांच वर्ष की उम्र से ही वह हर वर्ष वर्षा ऋतु में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाता आ रहा है। संस्था अध्यक्ष दिनेश ने बताया कि विनय का यह प्रयास समाज के लिए एक उदाहरण है। प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।


बहादुरगढ़। अपनी माता संग पौधरोपण करता विनय।

# विद्यार्थियों को बाल यौन के बारे में किया जागरूक


झज्जर। जागरुकता सत्र में उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

- बच्चों को आत्म-सुरक्षा की शिक्षा देना आज की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एमआर स्कूल हसनपुर में पहली से चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को बाल यौन शोषण के प्रति जागरुकता करने व सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श की पहचान करने के उद्देश्य से आयोजित इस सत्र में प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को सहज व असहज स्पर्श से अवगत कराया। असुविधाजनक स्थिति में कैसे ना कहा जाए, किससे मदद ली जाए और किन भरोसेमंद व्यस्कों से संपर्क किया जा सकता है, इस बात की जानकारी भी प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। इसके अलावा वीडियो क्लिप के माध्यम से भी विद्यार्थियों को सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श से अवगत कराया गया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि बच्चों को आत्म-सुरक्षा की शिक्षा देना आज की आवश्यकता है। यदि वे प्रारंभ से ही सजग होंगे तो किसी भी अनुचित परिस्थिति से स्वयं को बचा सकेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बाल सुरक्षा को लेकर सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। इन पहलों के अंतर्गत इंटरैक्टिव सत्र, कार्यशालाएं और व्यावहारिक अभ्यास शामिल हैं।

## लोगों ने भंडारे में चखा देशी घी के घेवर का स्वाद



**बहादुरगढ़।** गांव टांडाहेड़ी स्थित राधा कृष्ण मंदिर में मंगलवार को भक्ति और सेवा भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शुद्ध देशी घी से बने घेवर का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। समस्त ग्रामवासियों की ओर से यह आयोजन किया गया था। इसमें भाजपा नेता एवं मनोनीत पार्षद भीम सिंह प्रणामी का विशेष सहयोग रहा। भंडारे से पूर्व संकीर्तन में श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। मधुर भजनों से ईश्वर की महिमा का बखान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी सदानंद महाराज ने शिरकत कर लोगों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता दिनेश कौशिक के पुत्र नकुल कौशिक ने भी शिरकत की। भाजपा नेता भीम सिंह ने सभी अतिथियों का आदर के साथ स्वागत किया। नरेश भारद्वाज, भूपेंद्र दलाल, शमशेर फौजी, रवि, कृष्ण सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। रेलवे रोड पर किया जा रहा समोसे वितरण कार्य।

## लेबर चौक पर मजदूरों को खिलाए समोसे

**बहादुरगढ़।** मंगलवार सुबह हल्की बूंदाबांदी के बीच रेलवे रोड स्थित लेबर चौक पर एक विशेष सेवा कार्य का आयोजन किया गया। सामाजिक संगठन सार्थक परिवार की ओर से वहां मौजूद मजदूरों को समोसे और जलजीरे की बोतलें वितरित की गईं। इस सेवा कार्य में सार्थक परिवार की ओर से अंजलि कपूर और कीर्ति ने प्रमुख भूमिका निभाई। सार्थक परिवार समिति के अध्यक्ष एनएस कपूर ने बताया कि ऐसी सेवाएं न केवल जरूरतमंदों की सहायता करती हैं, बल्कि सेवा करने वाले के जीवन में भी श्रद्धा, मानवीयता और आत्मिक संतुष्टि का संचार करती हैं। एसएम पाल, हरिचंद रोझा, वीरेंद्र रोहिल्ला, वजीर सिंह दहिया, प्रभात कपूर, विनोद कुमार और सुदेश संढूजा आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

# विभिन्न प्रजातियों के पचास पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रभारी डॉक्टर पिंकी रानी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल की एनएसएस इकाई द्वारा मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के करीब 50 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रभारी डॉक्टर पिंकी रानी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को पर्यावरण के महत्व, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा वृक्षों के सामाजिक व जैविक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाते हैं, बल्कि जीवन के हर स्तर पर हमारे लिए उपयोगी हैं। इस अभियान में नीम, बरगद, पिलखन, गुलाब, सीताफल सहित विभिन्न छाया एवं फलदार पौधों को लगाया गया। पौधों का चयन स्थानीय जलवायु परिस्थितियों और पर्यावरणीय लाभों को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिससे ये पौधे लंबे समय तक जीवित रहें। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए उत्साह के साथ पौधरोपण किया। विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण के समय उनकी देखभाल करने व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य करते रहने संबंधी शपथ भी ली। इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉक्टर देवेंद्र सिंह, डॉक्टर मनजीत सिंह, डॉक्टर बलराम, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर ओमपती, डॉक्टर राकेश कुमार, डॉक्टर श्रीओम, डॉक्टर प्रियंका यादव, डॉक्टर सोनू रानी, एनएसएस क्लर्क प्रविंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण करते शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


### सूचना

मैं, पुष्पा रानी पत्नी श्री दीवान चन्द हाल निवासी शहीद भगत सिंह कॉलोनी, बराही फाटक, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र चेतन व पुत्रवधु सोनाली मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, राम प्रकाश पुत्र श्री राम किशन निवासी गांव सांखौल, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र लवली व पुत्रवधु आशा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, सतपाल पुत्र श्री रण सिंह निवासी गांव कानौंदा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124607 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक व पुत्रवधु लक्ष्मी व दूसरा पुत्र विकास व पुत्रवधु प्रिया मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### आम जन सुचना

**बा अदालत सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर।**

1. सुखबीर पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिंह 2. श्योताज सिंह पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिंह 3. अनिल पुत्र धर्मसिंह पुत्र रामनारायण 4. प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र बनवारी 5. गीता देवी पुत्री रामनारायण पुत्र अमर सिंह 6. धर्मबीर पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 7. सुरेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 8. जोगेन्द्र सिंह पुत्र बनवारी पुत्र गुलजारी 9. राकेश पुत्र राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 10. मनोज पुत्र सतबीर सिह पुत्र हरद्वारीलाल 11. ब्रजी विधवा सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 12.रमेश पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 13. राहुल पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक अव्वलगण**

**बनाम**

**1. श्रीओम पुत्र अभयराम पुत्र यादराम**

क. बिसमी विधवा श्रीओम ख. अजीता पुत्री श्रीओम ग. अजय कुमार पुत्र श्रीओम घ. विजय कुमार पुत्र श्रीओम 2. सोनु पुत्र मुकेश पुत्र 3. नरेश पुत्र कलावती पुत्र गुलजारी 4. सुनीता विधवा जयओम पुत्र अभेराम 5. दीपा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 6. दीक्षा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 7. साहिल पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 8. सागर पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 9. संदीप पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 10. टिन्कु पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 11. श्रीमती भगवान देई विधवा रघबीर सिंह पुत्र यादराम 12. प्रीतम पुत्र अतर सिह पुत्र गलजारी 13. राजकपुर पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 14. जयभगवान पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 15. सोनु यादव पुत्र सुरेश पुत्र सेवराम 16. अरुण यादव पुत्र पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 17. अमित कुमार यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 18. अजय यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 19. दीपक पुत्र जयओम पुत्र अभयराम 20. अजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 21. विजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 22. नरेन्द्र सिह पुत्र रघबीर सिह पुत्र यादराम 23. विधावती पुत्री रघबीर सिह पुत्र यादराम 24. मॉडल इकोनोमिक टाउनसिप लि० 25. मोहर सिंह पुत्र रघबीर सिंह पुत्र यादराम सभी निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक दोयमगण**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि सभी व्यकितगण को उक्त वाद बारे सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि फरीक अव्वलगण ने आपके विरुध उपरोक्त न्यायालय में खेवट न० 166//133, खतौनी न0 170, मुस्तील व किला नं. 24//17//2(4-13), 23/2(1-4), किते 2 रकबा 5 कनाल 17 मरले मौजा ईस्माईलपुर तह० बादली जिला झज्जर की तकसीम बाबत वाद दायर किया हुआ है। उपरोक्त सभी व्यक्तिगण को सुचित किया जाता हैं कि यदि उक्त वाद बारे कोई ऐतराज आपत्ति हैं तो आगामी तारीख पेशी दिनांक 07/08/2025 को असालतन व अदालतन हाजिर होवे वरना एक तरफा कार्यवाही करके आगामी कार्यवाही अमल लाई जावेगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर**

### आम जन सुचना

**बा अदालत सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर।**

1. सुखबीर पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 2. श्योताज सिंह पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 3. अनिल पुत्र धर्मसिंह पुत्र रामनारायण 4. प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र बनवारी 5. गीता देवी पुत्री रामनारायण पुत्र अमर सिहं 6. धर्मबीर पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 7. सुरेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 8. जोगेन्द्र सिंह पुत्र बनवारी पुत्र गुलजारी 9. राकेश पुत्र राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 10. मनोज पुत्र सतबीर सिह पुत्र हरद्वारीलाल 11. ब्रजी विधवा सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 12.रमेश पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 13. राहुल पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक अव्वलगण**

**बनाम**

**1. श्रीओम पुत्र अभयराम पुत्र यादराम**

क. बिसमी विधवा श्रीओम ख. अजीता पुत्री श्रीओम ग. अजय कुमार पुत्र श्रीओम घ. विजय कुमार पुत्र श्रीओम 2. सोनु पुत्र मुकेश पुत्र 3. नरेश पुत्र कलावती पुत्र गुलजारी 4. सुनीता विधवा जयओम पुत्र अभेराम 5. दीपा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 6. दीक्षा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 7. साहिल पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 8. सागर पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 9. संदीप पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 10. टिन्कु पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 11. श्रीमती भगवान देई विधवा रघबीर सिंह पुत्र यादराम 12. प्रीतम पुत्र अतर सिह पुत्र गलजारी 13. राजकपुर पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 14. जयभगवान पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 15. सोनु यादव पुत्र सुरेश पुत्र सेवराम 16. अरुण यादव पुत्र पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 17. अमित कुमार यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 18. अजय यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 19. दीपक पुत्र जयओम पुत्र अभयराम 20. अजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 21. विजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 22. इन्द्रो देवी पत्नी हरिओम पुत्री इन्द्राज 23. नरेन्द्र सिह पुत्र रघबीर सिह पुत्र यादराम 24. विधावती पुत्री रघबीर सिह पुत्र यादराम सभी निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक दोयमगण**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि सभी व्यक्तिगण को उक्त वाद बारे सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि फरीक अव्वलगण ने आपके विरुध उपरोक्त न्यायालय में खेवट न० 163//122, खतौनी न0 167, मुस्तील व किला नंबर 36//6/2(3-8, 15(4-5) किते 2 रकबा 7 कनाल 13 मरले मौजा ईस्माईलपुर तह० बादली जिला झज्जर की तकसीम बाबत वाद दायर किया हुआ है। उपरोक्त सभी व्यक्तिगण को सुचित किया जाता हैं कि यदि उक्त वाद बारे कोई ऐतराज या आपत्ति हैं तो आगामी तारीख पेशी दिनांक 07/08/2025 को असालतन व अदालतन हाजिर होवे वरना एक तरफा कार्यवाही करके आगामी कार्यवाही अमल लाई जावेगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर**

### आम जन सुचना

**बा अदालत सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर।**

1. सुखबीर पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 2. श्योताज सिंह पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 3. अनिल पुत्र धर्मसिंह पुत्र रामनारायण 4. प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र बनवारी 5. गीता देवी पुत्री रामनारायण पुत्र अमर सिहं 6. धर्मबीर पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 7. सुरेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 8. जोगेन्द्र सिंह पुत्र बनवारी पुत्र गुलजारी 9. राकेश पुत्र राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 10. मनोज पुत्र सतबीर सिह पुत्र हरद्वारीलाल 11. ब्रजी विधवा सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 12.रमेश पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 13. राहुल पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक अव्वलगण**

**बनाम**

1. श्रीओम पुत्र अभयराम पुत्र यादराम

क. बिसमी विधवा श्रीओम ख. अजीता पुत्री श्रीओम ग. अजय कुमार पुत्र श्रीओम घ. विजय कुमार पुत्र श्रीओम 2. नरेश पुत्र कलावती पुत्र गुलजारी 3. सुनीता विधवा जयओम पुत्र अभेराम 4. दीपा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 5. दीक्षा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 6. साहिल पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 7. सागर पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 8. संदीप पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 9. टिन्कु पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 10. प्रीतम पुत्र अतर सिह पुत्र गलजारी 11. राजकपुर पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 12. जयभगवान पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 13. सोनु यादव पुत्र सुरेश पुत्र सेवराम 14. अरुण यादव पुत्र पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 15. अमित कुमार यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 16. अजय यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 17. दीपक पुत्र जयओम पुत्र अभयराम 18. अजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 19. विजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 20. सोनू पुत्र मुकेश पुत्री अभेराम 21. विधावती पुत्री रघबीर सिह पुत्र यादराम 22. मॉडल इकोनोमिक टाउनसिप लि० सभी निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक दोयमगण**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि सभी व्यकितगण को उक्त वाद बारे सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि फरीक अव्वलगण ने आपके विरुध उपरोक्त न्यायालय में खेवट न0 164 खतौनी न0 168 मुस्तील व किला नंबर 24//2/1(6-8) किता 1 रकबा 6 कनाल 8 मरले मौजा ईस्माईलपुर तह० बादली जिला झज्जर की तकसीम बाबत वाद दायर किया हुआ है। उपरोक्त सभी व्यक्तिगण को सुचित किया जाता हैं कि यदि उक्त वाद बारे कोई ऐतराज या आपति हैं तो आगामी तारीख पेशी दिनांक 07/08/2025 को असालतन व अदालतन हाजिर होवे वरना एक तरफा कार्यवाही करके आगामी कार्यवाही अमल लाई जावेगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर**

### आम जन सुचना

**बा अदालत सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर।**

1. सुखबीर पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 2. श्योताज सिंह पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 3. अनिल पुत्र धर्मसिंह पुत्र रामनारायण 4. प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र बनवारी 5. गीता देवी पुत्री रामनारायण पुत्र अमर सिहं 6. धर्मबीर पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 7. सुरेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 8. जोगेन्द्र सिंह पुत्र बनवारी पुत्र गुलजारी 9. राकेश पुत्र राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 10. मनोज पुत्र सतबीर सिह पुत्र हरद्वारीलाल 11. ब्रजी विधवा सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 12. रमेश पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 13. राहुल पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक अव्वलगण**

**बनाम**

**1. श्रीओम पुत्र अभयराम पुत्र यादराम मृतक के वारसान**

क. बिसमी विधवा श्रीओम ख. अजीता पुत्री श्रीओम ग. अजय कुमार पुत्र श्रीओम घ. विजय कुमार पुत्र श्रीओम 2. सोनु पुत्र मुकेश पुत्र 3. नरेश पुत्र कलावती पुत्र गुलजारी 4. सुनीता विधवा जयओम पुत्र अभेराम 5. दीपा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 6. दीक्षा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 7. साहिल पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 8. सागर पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 9. संदीप पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 10. टिन्कु पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 11. श्रीमती भगवान देई विधवा रघबीर सिंह पुत्र यादराम 12. प्रीतम पुत्र अतर सिह पुत्र गलजारी 13. राजकपुर पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 14. जयभगवान पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 15. सोनु यादव पुत्र सुरेश पुत्र सेवराम 16. अरुण यादव पुत्र पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 17. अमित कुमार यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 18. अजय यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 19. दीपक पुत्र जयओम पुत्र अभयराम 20. अजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 21. विजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 22. इन्द्रो देवी पत्नी हरिओम पुत्री इन्द्राज 23. नरेन्द्र सिह पुत्र रघबीर सिह पुत्र यादराम 24. विधावती पुत्री रघबीर सिह पुत्र यादराम सभी निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक दोयमगण**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि सभी व्यकितगण को उक्त वाद बारे सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि फरीक अव्वलगण ने आपके विरुध उपरोक्त न्यायालय में खेवट न0 162, खतौनी न० 166 मुस्तील व किला नंबर 24//24(8-0), 27//4/1(8-12), 5/2(5-7), 6/1(8-2), 26(0-17), 36//7(6-2), 8/2(3-2), 37//11/2(7-3), 12(3-11), 17/2(4-13), 18(7-16), 19(3-18), 24(3-9), 38//6(8-0), 15/1(7-10), 16/1/2(5-16), 39//11/1(1-0) किते 17 रकबा 92 कनाल 19 मरले मौजा ईस्माईलपुर तह० बादली जिला झज्जर की तकसीम बाबत वाद दायर किया हुआ है। उपरोक्त सभी व्यक्तिगण को सुचित किया जाता हैं कि यदि उक्त वाद बारे कोई ऐतराज या आपति हैं तो आगामी तारीख पेशी दिनांक 07/08/2025 को असालतन व अदालतन हाजिर होवे वरना एक तरफा कार्यवाही करके आगामी कार्यवाही अमल लाई जावेगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर**

### आम जन सुचना

**बा अदालत सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर।**

1. सुखबीर पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 2. श्योताज सिंह पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 3. अनिल पुत्र धर्मसिंह पुत्र रामनारायण 4. प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र बनवारी 5. गीता देवी पुत्री रामनारायण पुत्र अमर सिहं 6. धर्मबीर पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 7. सुरेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 8. जोगेन्द्र सिंह पुत्र बनवारी पुत्र गुलजारी 9. राकेश पुत्र राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 10. मनोज पुत्र सतबीर सिह पुत्र हरद्वारीलाल 11. ब्रजी विधवा सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 12. रमेश पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 13. राहुल पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक अव्वलगण**

**बनाम**

1. श्रीओम पुत्र अभयराम पुत्र यादराम मृतक के वारसान

क. बिसमी विधवा श्रीओम ख. अजीता पुत्री श्रीओम ग. अजय कुमार पुत्र श्रीओम घ. विजय कुमार पुत्र श्रीओम 2. नरेश पुत्र कलावती पुत्र गुलजारी 3. सुनीता विधवा जयओम पुत्र अभेराम 4. दीपा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 5. दीक्षा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 6. साहिल पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 7. सागर पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 8. संदीप पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 9. टिन्कु पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 10. श्रीमती भगवान देई विधवा रघबीर सिंह पुत्र यादराम 11. प्रीतम पुत्र अतर सिह पुत्र गलजारी 12. राजकपुर पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 13. जयभगवान पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 14. सोनु यादव पुत्र सुरेश पुत्र सेवराम 15. अरुण यादव पुत्र पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 16. अमित कुमार यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 17. अजय यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 18. दीपक पुत्र जयओम पुत्र अभयराम 19. अजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 20. विजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 21. नरेन्द्र सिह पुत्र रघबीर सिह पुत्र यादराम 22. मोहर सिंह पुत्र रघबीर सिंह पुत्र यादराम 23. पूनम पुत्री राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 24. श्रीमती शकुन्तला विधवा सतबीर सिंह पुत्र हरद्वारीलाल 25. मन्नु पुत्री सतबीर सिंह पुत्र हरद्वारीलाल 26. श्रीमति सुनीता विधवा राजेन्द्र पुत्र हरद्वारी लाल 27. रजनी पुत्री राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल प्रवीन कुमार पुत्र रामकिशन पुत्र 27. रोशनलाल पुत्र बनी सिंह पुत्र मामराज 28. मॉडल इकोनोमिक टाउनसिप लि० सभी निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक दोयमगण**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि सभी व्यकितगण को उक्त वाद बारे सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि फरीक अव्वलगण ने आपके विरुध उपरोक्त न्यायालय में खेवट न० 248//203/1, खतौनी न० 254, मुस्तील व किला नंबर 24//17/1(3-7), 28//1/2(7-11), 2/2(7-11) किते 3 रकबा 18 कनाल 9 मरले मौजा ईस्माईलपुर तह० बादली जिला झज्जर की तकसीम बाबत वाद दायर किया हुआ है। उपरोक्त सभी व्यक्तिगण को सुचित किया जाता है कि यदि उक्त वाद बारे कोई ऐतराज या आपत्ति है तो आगामी तारीख पेशी दिनांक 07/08/2025 को असालतन व अदालतन हाजिर होवे वरना एक तरफा कार्यवाही करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर**

### आम जन सुचना

**बा अदालत सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर।**

1. सुखबीर पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 2. श्योताज सिंह पुत्र रामनारायण पुत्र अमर सिहं 3. अनिल पुत्र धर्मसिंह पुत्र रामनारायण 4. प्रदीप कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र बनवारी 5. गीता देवी पुत्री रामनारायण पुत्र अमर सिहं 6. धर्मबीर पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 7. सुरेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल पुत्र गुलजारी 8. जोगेन्द्र सिंह पुत्र बनवारी पुत्र गुलजारी 9. राकेश पुत्र राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 10. मनोज पुत्र सतबीर सिह पुत्र हरद्वारीलाल 11. ब्रजी विधवा सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 12. रमेश पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल 13. राहुल पुत्र सतपाल पुत्र हरद्वारीलाल निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक अव्वलगण**

**बनाम**

**1. श्रीओम पुत्र अभयराम पुत्र यादराम मृतक के वारसान**

क. बिसमी विधवा श्रीओम ख. अजीता पुत्री श्रीओम ग. अजय कुमार पुत्र श्रीओम घ. विजय कुमार पुत्र श्रीओम 2. नरेश पुत्र कलावती पुत्र गुलजारी 3. सुनीता विधवा जयओम पुत्र अभेराम 4. दीपा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 5. दीक्षा पुत्री जयओम पुत्र अभेराम 6. साहिल पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 7. सागर पुत्र अभिमन्यु पुत्र इन्द्राज 8. संदीप पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 9. टिन्कु पुत्र हरिओम पुत्र इन्द्राज 10. श्रीमती भगवान देई विधवा रघबीर सिंह पुत्र यादराम 11. प्रीतम पुत्र अतर सिह पुत्र गलजारी 12. राजकपुर पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 13. जयभगवान पुत्र सेवाराम पुत्र गलजारी 14. सोनु यादव पुत्र सुरेश पुत्र सेवराम 15. अरुण यादव पुत्र पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 16. अमित कुमार यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 17. अजय यादव पुत्र सुभाष पुत्र मीर सिंह 18. दीपक पुत्र जयओम पुत्र अभयराम 19. अजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 20. विजय कुमार पुत्र श्रीओम पुत्र अभयराम 21. नरेन्द्र सिह पुत्र रघबीर सिह पुत्र यादराम 22. मोहर सिंह पुत्र रघबीर सिंह पुत्र यादराम 23. पूनम पुत्री राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 24. श्रीमती शकुन्तला विधवा सतबीर सिंह पुत्र हरद्वारीलाल 25. मन्नु पुत्री सतबीर सिंह पुत्र हरद्वारीलाल 26. प्रवीन कुमार पुत्र रामकिशन पुत्र 27. रोशनलाल पुत्र बनी सिंह पुत्र मामराज 28. श्रीमती सुनीता विधवा राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल 29. रजनी पुत्री राजेन्द्र पुत्र हरद्वारीलाल सभी निवासीयान गांव ईस्माईलपुर, तह० बादली, जिला झज्जर।

**फरीक दोयमगण**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि सभी व्यकितगण को उक्त वाद बारे सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि फरीक अव्वलगण ने आपके विरुध उपरोक्त न्यायालय में खेवट न0 247//203, खतौनी न0 253 मुस्तील व किला नं. 27//7//2(6-2), 8(8-0), 12-8-0, 13/ (8-0) 14/1/1(3-10), 14/2/2(2-14),15 (8-0), 16/(8-0), 18/2(8-18) किते 9 रकबा 61 कनाल 4 मरल मौजा ईस्माईलपुर तह० बादली जिला झज्जर की तकसीम बाबत वाद दायर किया हुआ है। उपरोक्त सभी व्यक्तिगण को सुचित किया जाता हैं कि यदि उक्त वाद बारे कोई ऐतराज या आपति हैं तो आगामी तारीख पेशी दिनांक 07/08/2025 को असालतन व अदालतन हाजिर होवे वरना एक तरफा कार्यवाही करके आगामी कार्यवाही अमल लाई जावेगी।

**हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली, जिला झज्जर**

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सड़कों पर उतरे सफाई कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन

## सफाई कर्मचारियों ने यादव धर्मशाला के सामने एकत्रित होकर बनाई रणनीति

■ ठेका प्रथा बंद करना, पुरानी पेंशन बहाल करना, सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों को दस लाख रुपये देने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर स्थानीय नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने ऑनलाइन हाजिरी लगाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। सुबह करीब दस बजे सफाई कर्मचारी यादव धर्मशाला के सामने एकत्रित हुए। उसके बाद जुलूस की शक्ल में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए नगर परिषद कार्यालय तक पहुंचे।

नगर परिषद कार्यलय परिसर में इकाई प्रधान शिवम चांवरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा करीब दो वर्ष पहले कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाने संबंधी लेटर निकाला था। उस पर सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा लेकिन ऑनलाइन हाजिरी के लिए उन्हें बाध्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी अन्य मुख्य मांगों में ठेका प्रथा बंद करना, पुरानी पेंशन बहाल करना, सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों को दस लाख रुपये देना, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये लागू करना आदि शामिल है। प्रदर्शन के बाद इस संबंध में कर्मचारियों द्वारा नगर परिषद के ईओ को ज्ञापन भी सौंपा।

**इंजन से पानी निकासी कार्य का भी जताया विरोध :** सफाई कर्मचारियों ने बताया कि कच्चा सुर्खपुर रोड पर हुए जलभराव के चलते उनसे इंजन द्वारा पानी निकालने का कार्य करवाया जा रहा है। उनका कार्य शहर को स्वच्छ बनाने का है। पानी निकासी के कार्य के समय यहां कई बार सांप आदि जलीय जीव भी निकल चुके हैं जिनसे जान का खता बना है। कर्मचारियों का कहना है कि पानी निकासी का कार्य उनका नहीं है। यह जिस विभाग के कर्मचारियों कार्य है उनसे ही कराया जाना चाहिए। यदि इस समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो आंदोलन पर मजबूर होंगे। इस मौके पर सुरेश, अमित, कृष्ण, मनजीत, विक्रम, नवीन, रवि, शिब्बू, संदीप, ऑडिटर कृष्ण, इकाई सचिव विकास उज्जैनवाल, कोषाध्यक्ष गौरव, सरस्वती, किरण, सविता, अंजू, शीतल, उषा, सुशीला, जग्गो देवी, गीता, सुदेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बिजली निगम कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का किया विरोध, जलाई प्रतियां, नारेबाजी की



**झज्जर।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सब अर्बन सब यूनिट और सिटी सब यूनिट इकाई द्वारा स्थानीय बिजली निगम कार्यालय में ज्वाइंट गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। सब अर्बन प्रधान जयवीर की अध्यक्षता में आयोजित इस मीटिंग में बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिस का विरोध जताते हुए पॉलिसी की प्रतियां जलाई गई। यूनिट प्रधान राम दर्शन ने कहा कि अगर सरकार ने यह पॉलिसी नहीं रोकी तो उनके द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर यह पॉलिसी लागू होती है तो दुर्घटनाओं का अनुपात बढ़ जाएगा जिससे निगम का कार्य प्रभावित होगा। इस मौके पर प्रेस सचिव आदर्श, यूडीसी निशा, राजकुमार, लक्ष्मीनारायण, श्रीभगवान, जयवीर, हेमंत, अंकुर, भूरा, सुनील, हंसराज, पवन, कृष्ण, देवेंद्र, केशव, संदीप, कपिल, नरेश आदि भी उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## सफाई कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ कर्मचारियों ने नगर परिषद गेट पर ईओ को ज्ञापन सौंपा

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को बहादुरगढ़ में ऑनलाइन एप के माध्यम से हाजिरी लगाने और निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा संगठन से संवाद न करने के विरोध में रोष प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन इंदिरा पार्क से आरंभ होकर रेलवे रोड होते हुए नगर परिषद कार्यालय तक किया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाए और उल्टी झाड़ू लेकर विरोध जताया।

प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने नगर परिषद गेट पर ईओ को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता बहादुरगढ़ इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि मंच संचालन सचिव अमित परनाला ने किया। इस अवसर पर राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड़, इकाई उपप्रधान अजय, इकाई कैशियर मुकेश दरोगा, आडिटर सुनील परनाला, प्रचार सचिव सरोज, जिला ऑडिटर संदीप टांक, कार्यकारिणी सदस्य जय भगवान, उषा, दरोगा नंदराम सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि आगामी 20 व 21 अगस्त को सभी नगर पालिकाओं, परिषदों व निगमों में कर्मचारी दो दिवसीय भूख हड़ताल करेंगे। इसके बाद 10, 11 सितंबर को विधायकों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपे जाएंगे व 26 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। इसके अलावा 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय, कुरुक्षेत्र में एक दिवसीय प्रदर्शन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व पार्षद ने दुकानदारों की समस्याएं सुनीं

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद की कार्यशैली से परेशान दुकानदारों की शिकायतों को लेकर भाजपा नेता व पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने मौके पर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी। सैनी ने कहा कि छोटे-छोटे कामों के लिए आमजन को चक्कर कटवाए जा रहे हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा कमेटी दुकानों को मालिकाना हक देने का सराहनीय निर्णय लिया गया था। लेकिन इस प्रक्रिया में कई दुकानदारों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ा है। सैनी ने नप पर सामूहिक जीने की अवैध रजिस्ट्री करने का आरोप लगाया और कहा कि इतनी बड़ी लापरवाही पर भी कोई अधिकारी सस्पेंड नहीं हुआ।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में यश ने जीता मेडल

**झज्जर।** संस्कारम स्कूल खातीवास में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में इंडो अमेरिकन स्कूल के खिलाड़ी यश ने गोल्ड मेडल जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने यश को बधाई देते हुए कहा कि यह उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यश जैसे छात्र ही भविष्य में संस्थान व देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।




बहादुरगढ़। शास्त्री नगर के पास कचरे का ढेर। फोटो : हरिभूमि

### सुरक्षित और स्वच्छ स्थान पर मेला लगाने की मांग

**बहादुरगढ़।** वार्ड-7 से पार्षद संदीप अहलावत और शास्त्री नगर के निवासियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर झूला मेले के लिए चयनित स्थल पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जिस जगह पर मेला प्रस्तावित है, वहां कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। पार्षद ने बताया कि यह मेला ग्राम पंचायत परनाला की शामलात जमीन पर लगना है, जो फिलहाल समतल नहीं है और कचरे से भरी हुई है। ऐसे में झूले लगाने पर जमीन के धंसने या फिसलने जैसी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। स्थानीय लोगों ने भी मेले को साफ-सुथरी और सुरक्षित जगह पर आयोजित करने की मांग की है। पार्षद ने प्रशासन से न केवल स्थान बदलने, बल्कि मौके पर सफाई करवाने की भी मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों और राहगीरों को असुविधा न हो।

## स्कूल बंद किए जाने पर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया की खंड इकाई द्वारा मंगलवार को लंबित मांगों के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल के माध्यम से शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा। इकाई के खंड प्रधान मुकेश कुमार, जिला संयोजक नरेश कुमार, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामवीर, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के खंड प्रधान रमेश जाखड़, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के खंड सचिव संजय भारद्वाज, खंड उपप्रधान सुशीला ने बताया कि शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है। क्लस्टर को भी मर्ज किया जा रहा है। दस किलोमीटर के दायरे में एक ही सीनियर सेकेंडरी स्कूल रखा जाएगा जिससे एबीआरसी, अध्यापकों, क्लर्कों, प्राचार्यों व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की पद संख्या प्रभावित होगी।

कम विद्यार्थी संख्या के नाम पर स्कूल बंद किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा विद्यार्थी संख्या कम क्यों हो रही है इस पर समीक्षा करने की बजाय स्कूलों को बंद कर गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मई माह में सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। वहीं खंड सचिव जगबीर सिंह ने कहा कि छुट्टियों में अध्यापकों की अनेक प्रकार के कैंप या ट्रेनिंग में ड्यूटी लगा दी जाती है परंतु प्रतिपूर्ति या अर्जित अवकाश के लिए नियम होते हुए भी पत्र जारी नहीं किया जाता।

## बिजली कर्मियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर नीति की प्रतियां जलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते बिजली कर्मी। फोटो : हरिभूमि

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर मंगलवार को सब यूनिट स्तर पर कर्मचारियों ने मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में प्रदर्शन किया और नीति की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान संदीप ने की, जबकि संचालन सचिव रवि नागर ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि इस नीति से कर्मचारी घर से दूर रहने को मजबूर होंगे, जिससे कार्यक्षमता, पारिवारिक जीवन और उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित होंगी। राज्य कमेटी सदस्य रविंद्र दलाल और ब्लॉक प्रधान बिजेंद्र सैनी ने आशंका जताई कि तकनीकी कर्मचारियों के तबादले से एक्सीडेंट की घटनाएं और डिफॉल्टर रिकवरी प्रभावित होगी।

यूनिट प्रधान उमेश कुमार व सचिव राकेश कुमार ने बच्चों की पढ़ाई व बुजुर्गों की देखभाल पर असर की बात कही। प्रदर्शनकारियों ने बिजली बिल 2023 रद्द करने, स्मार्ट मीटर योजना के विरोध, पुरानी पेंशन बहाली, समान काम समान वेतन और स्थायी भर्ती की मांग भी उठाई। जोगेंद्र, प्रदीप, ऋषिप्रकाश, सोनू, मधु निशा, दीपिका, कांता, अंकुर, ललित, भगत, तेजपाल, हरीश, राकेश, कुलवंत, दशरथ आदि कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल थे।

### विद्यार्थियों के मेडल जीतने पर जताई खुशी



**बहादुरगढ़।** एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई मेडल जीते। प्रतियोगिता शाइनिंग स्टार बैडमिंटन एकेडमी में हुई थी। आयु वर्ग 17 में कक्षा 11वीं के छात्र रेहांश मान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं आयु वर्ग 11 में ओमिषा ने भी सिंगल प्रतिस्पर्धा में शीर्ष स्थान व डबल प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान हासिल किया। आयु वर्ग 13 में अभिनव ने डबल प्रतिस्पर्धा में प्रथम व सिंगल प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन अब आगामी स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्कूल प्रिंसिपल ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई दी। निदेशिका शैलजा जून ने बच्चों की इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी।

### पावर लिफ्टिंग के विजेता खिलाड़ियों को डीसी ने किया प्रोत्साहित, चार का रहा शानदार प्रदर्शन

**झज्जर।** जम्मू कश्मीर में नैचुरल स्ट्रांग पावर लिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित जन्नत-ए- कश्मीर बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीते है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के डेड लिफ्ट वर्गों में तिजेंद्र राठी ने 170 किलोग्राम व अमित चौधरी ने 150 किलोग्राम भार उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि बेंच प्रेस में अमित अंतिल व विनीत दहिया ने 120 किलोग्राम भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। डीसी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को जनवरी माह में होने वाली नेशनल ओपन चैंपियनशिप के लिए अभी से मन लगाकर तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया।



### पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे सर्व जातीय कादियान खाप बेरी के कई प्रतिनिधि



**झज्जर।** सर्व जातीय कादियान खाप बेरी के प्रतिनिधि मंगलवार को क्षेत्र में फैल रही नशाखोरी व अपराध की रोकथाम की मांग को लेकर पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। खाप प्रधान राजपाल सिंह कादियान, सचिव सुखचंद, अनूप सिंह, राज सिंह, सुनील कुमार, अत्तर सिंह कादियान आदि ने बताया कि बेरी क्षेत्र में नई पीढ़ी लगातार नशा खोरी व अपराध के दलदल में फंसती जा रही है उसे बचाया जाना चाहिए। सर्व जातीय खाप भी लगातार युवाओं को इस संबंध में जागरुक कर रही है। उन्होंने कहा कि आम रास्तों पर जगह-जगह शराब व दूसरे नशे से ग्रस्त युवा टोलियां बनाकर आते-जाते लोगों पर फब्तियां कसते हैं जिससे गांव की बहन-बेटियों को बाहर निकलने में कठिनाई आ रही है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई की जाए।

### हर्षित हेड ब्वॉय, भूमि बनी हेड गर्ल



**बहादुरगढ़।** एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका स्कूल में विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व की भावना विकसित करना और उन्हें जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना नृत्य से हुआ। इसके बाद विद्यालय की प्रिंसिपल ने कक्षा पांचवीं से 11वीं तक के मेधावी छात्रों को विभिन्न पदों पर अलंकृत किया। समारोह के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के हर्षित मित्तल को हेड ब्वॉय और भूमि को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इनके अलावा कल्चरल हेड, एडिटोरियल हेड, डिसिप्लिन हेड, स्पोर्ट्स हेड, जूनियर हेड समेत अन्य पदों के लिए भी छात्रों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। विद्यालय की निदेशिका शैलजा जून ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्र अपने कार्यों के माध्यम से भविष्य की नींव रखते हैं, इसलिए उन्हें समर्पण और सहभागिता की भावना से कार्य करना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने प्रवचनों से किया निहाल

# भगवान शिव विवाह का सुनाया प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिसके जीवन में सरलता व भोलापन उतरता है वही भोले नाथ का सच्चा भक्त होता है। यह बात बाबा कांशीगिरी मंदिर परिसर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए कही। उन्होंने शिव विवाह की कथा का प्रसंग सुनाया जिसे सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान विवाह के मंगल गीत भी गाए गए। इस दौरान महिला मंडली की संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा, आशा ग्रोवर, संतोष हंस, किरण अरोड़ा, उषा काठपालिया, इंदू भूगड़ा ने सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में, मतवाले दूल्हे में..उमा गुलाटी, आशा ग्रोवर ने बनी है खूब जोड़ी, शिव शक्ति की.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर नारायणी सरदाना, संतोष हंस, आंचल सेठी, कमल लता शर्मा, हर्ष चावला, संतोष अरोड़ा, इंदू शर्मा, किरण अरोड़ा, उमा गुलाटी, सृष्टि रंजन, यशिका रंजन सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**झज्जर।** मंगलवार को कोसली रोड स्थित आनंददास आश्रम में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आश्रम महंत अजय दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ भगवान श्रीराम के जयकारे के साथ किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का गायन कर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। गायक कलाकारों द्वारा भजनों के माध्यम से भी हनुमान जी महिमा का गुणगान किया गया। इस मौके पर रजनीश, राजेंद्र, कालू, उमाशंकर वर्मा, दयानन्द, अमित पंछी, सतबीर, चेतराम, चिंटू सक्सेना, हिमांशु सोलंकी, योगेश, समुंद्र, अंकित, अनिल, मास्टर महेश, रोशनी देवी, अनीता, नान्ही देवी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### वृक्षों की पूजा कर मनाया जाए पर्यावरण दिवस : महंत राजेंद्र



**झज्जर।** मंगलवार को क्षेत्र के गांव माजरा दूबलधन स्थित तपोभूमि जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। आमजन को दिए संदेश में उन्होंने कहा कि प्राणवायु देवता पेड़ों की पूजा करके पर्यावरण दिवस मनाया जाना चाहिए। उन्होंने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर चिंता जताते हुए कहा कि मनुष्य की रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताएं पेड़-पौधों से ही पूर्ण होती हैं। इस दौरान गांव की शामलात भूमि पर करीब तीन सौ पौधे लगाए गए। इस मौके पर रघुबीर सिंह थानेदार, मास्टर आशीष कादियान, सुनील कुमार, राज मोहिनी, पूनम, भगत सिंह, राकेश आर्य, मास्टर शीलक राम, दयानंद, धर्मसिंह सिंधु, बलजीत, राज सिंह, रामकुमार, राजेश आदि उपस्थित रहे।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
सभी सरकारी सेवा में मान्य
● आंगनबाड़ी सुपरवाईजर / सहायक / कार्यकर्ता
● PHYSICIAN ASSISTANT
● MULTI PURPOSE HEALTH WORKER
● HEALTH SANITARY INSPECTOR
● AYURVEDIC PHARMACY (DAP)
● DENTAL HYGIENIST / MACHENIC
● C.M.S. & ED / FIRST AID
● MEDICAL LAB/ X-RAY TECH.
● OPRATION THEATORE TECH.
● OPTHALMIC ASSISTANT (DOA)
● COMMUNITY HEALTH/EMT
● FOOD SAFETY / VETERNARY INSPECTOR
● PLASTER, DRESSER, NTT, PT, CTT
● BAMS (ALT), BEMS (EH)
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221